आरोप | हरद साइडिंग और बंद खदानों से अवैध आपूर्ति के आरोप, जांच की मांग तेज

चोरी के कोयले से धधक रहे जमुना के ईंट भट्टे

जमुना कोतमा नवभारत 18 जुलाई। जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुना इलाके में संचालित कुछ ईंट भट्टे इन दिनों गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन भट्टों में ईंट पकाने के लिए हरद रेलवे साइडिंग तथा बंद पड़ी कोयला खदानों से चोरी कर लाया गया कोयला इस्तेमाल किया जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से संगठित तरीके से कोयला चोरी का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और पुलिस से संयुक्त जांच की मांग की है।

कोयला दलालों के माध्यम से पहुंचाया जाता है

आरोप है कि बंद पड़ी खदानों और रेलवे क्षेत्र से कोयला एकत्र कर दलालों के माध्यम से ईंट भट्टों तक पहुंचाया जाता है। इसके लिए कथित तौर पर बाइक, साइकिल और अन्य छोटे वाहनों का उपयोग किया जाता है। प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कोयला भट्टों तक पहुंचने की चर्चा क्षेत्र में आम है, लेकिन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदार एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

आबादी के बीच संचालित हो रहे भट्टे

जमुना बस्ती और आसपास के आबादी वाले क्षेत्रों के समीप संचालित कुछ ईंट भट्टों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। भट्टों से निकलने वाला धुआं, राख और प्रदूषण आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भट्टे पर्यावरणीय मानकों और निर्धारित दूरी के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं तो संबंधित विभागों को तत्काल निरीक्षण कर कार्रवाई करनी चाहिए।

कोयला चोरी पर क्यों नहीं लग रही रोक?

क्षेत्र में यह भी सवाल उठ रहे हैं कि हरद रेलवे साइडिंग और बंद खदानों से लगातार कोयला चोरी होने के बावजूद अब तक प्रभावी रोक क्यों नहीं लग सकी। लोगों का कहना है कि नियमित निगरानी, गश्त और संयुक्त कार्रवाई से इस अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

सीमा विवाद का फायदा उठा रहे खनन माफिया

केवई नदी में एनजीटी की उड़ रही धज्जियां, पुलिस को दे रहे चकमा

कोतमा नवभारत 18 जुलाई। कोतमा और बिजुरी थाना क्षेत्र की सीमाओं के मध्य बहने वाली केवई नदी इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का मुख्य गढ़ बन चुकी है। रेत माफिया पुलिस और खनिज विभाग की टीम को चकमा देने के लिए एक अनोखा और शातिर तरीका अपना रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, केवई नदी के दोनों छोर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आते हैं। जब बिजुरी पुलिस या खनिज विभाग की टीम बिजुरी क्षेत्र की तरफ अवैध उत्खनन पर छापेमारी करती है, तो रेत माफिया अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लेकर नदी पार कर कोतमा थाना क्षेत्र की सीमा में दाखिल हो जाते हैं। जब कोतमा पुलिस मुस्तैद होकर कार्रवाई करने पहुंचती है, तो माफिया तुरंत नदी लांघकर बिजुरी क्षेत्र की ओर भाग निकलते हैं।

क्या कहते हैं स्थानीय लोग

जब तक दोनों थानों (कोतमा और बिजुरी) की पुलिस एक साथ मिलकर संयुक्त रूप से घेराबंदी नहीं करेगी, तब तक केवई नदी से रेत का यह अवैध धंधा बंद होना नामुमकिन है।

दर्जनों ट्रैक्टर रेत बेखौफ होकर निकाल रहे

पुलिस के इस 'सीमा विवाद' और आपसी समन्वय की कमी का फायदा उठाकर रेत माफिया हर दिन दर्जनों ट्रैक्टर रेत बेखौफ होकर निकाल रहे हैं। इस लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से शासन को हर दिन लाखों रुपये के राजस्व की चपत लग रही है।

राजस्व को लग रहा है लाखों का चूना

पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे इस उत्खनन से जहां एक ओर जलस्तर गिरने और नदी के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है, वहीं दूसरी ओर सरकार को मिलने वाले रॉयल्टी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

एक नजर में

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

अनूपपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला कार्यालय अनूपपुर में शनिवार को शहडोल संभाग के संभाग समन्वयक भीम सिंह की उपस्थिति में अनूपपुर विकासखंड की नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक उमेश कुमार पाण्डेय, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं परामर्शदाता मौजूद रहे। बैठक में नवांकुर संस्थाओं द्वारा संचालित सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। परामर्शदाताओं द्वारा नए स्वयंसेवकों के पंजीयन, नवीन प्रवेश की प्रगति तथा आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संभाग समन्वयक ने सामाजिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित बनाने के निर्देश देते हुए स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

विशेष लोक अदालत में 23 प्रकरणों का निराकरण

अनूपपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर की अध्यक्ष माया विश्वुलाल के मार्गदर्शन में शनिवार को अनूपपुर जिले में विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान 23 प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया तथा 77 लाख 16 हजार 171 रुपये का अवॉर्ड पारित किया गया। विशेष लोक अदालत के लिए जिले में कुल पांच खंडपीठों का गठन किया गया था। इनमें जिला मुख्यालय अनूपपुर में दो, कोतमा में दो तथा राजेन्द्रग्राम में एक खंडपीठ शामिल रही।लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत चेक अनादरण (चेक बाउंस) से जुड़े प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित मामलों की सुनवाई की गई।

कुलगुरु प्रो. वर्मा ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक की दूसरी पाली में चल रही बी.बी.ए., बी.सी.ए. और बी.कॉम द्वितीय वर्ष 2025 की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया, जिसमें प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी की उपस्थिति में नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. अभिजातकृष्ण त्रिपाठी की उपस्थिति में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय तथा प्राचार्य डॉ. आशुतोष दुबे एवं डॉ. ध्रुव दीक्षित की उपस्थिति में केशरवानी महाविद्यालय शामिल थे।

रातभर बजता रहा पीएनबी बैंक का हूटर

चोरी की आशंका में रातभर जागते रहे नागरिक

अनूपपुर, नवभारत 18 जुलाई। जिला मुख्यालय स्थित पंजाब नेशनल बैंक का सुरक्षा अलार्म शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे से लगातार सुबह तक बजता रहा।

कोतवाली थाना से महज लगभग 150 मीटर की दूरी पर स्थित बैंक का हूटर घंटों तक बजने के बावजूद बैंक प्रबंधन और संबंधित सुरक्षा एजेंसी की ओर से तत्काल कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लगातार बजते अलार्म से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। चोरी या किसी अन्य अप्रिय घटना की आशंका के चलते स्थानीय नागरिक पूरी रात बैंक परिसर के आसपास निगरानी करते रहे।

नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा

तेज आवाज के कारण आसपास रहने वाले बुजुर्गों, बीमार लोगों, छोटे बच्चों वाले परिवारों और उच्च रक्तचाप से पीड़ित नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद लोगों ने सवाल उठाया कि संवेदनशील क्षेत्र में स्थित बैंक का सुरक्षा अलार्म घंटों तक बजता रहा, लेकिन न तो बैंक प्रबंधन मौके पर पहुंचा और न ही सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों ने स्थिति का संज्ञान लिया।

निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : अर्चना कुमारी

सुदूरवर्ती गांवों में पहुंचीं जिपं सीईओ विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अनूपपुर, नवभारत 18 जुलाई। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने शनिवार को जिले की सुदूरवर्ती ग्राम पंचायतों तरंग, खमरौध, अहिरगंवा, मिट्ठू महुआ, कुम्हनी और कोडार का दौरा कर विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने मौके पर पहुंचकर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद पुष्पराजगढ़ सीईओ, जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

सीईओ अर्चना कुमारी ने नल-जल योजना, 15वें एवं 5वें वित्त आयोग से संचालित कार्यों, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, श्रममूलक कार्यों, जिला खनिज मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों, लेयर मुर्गी शेड निर्माण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना के सी-श्रेणी आवास, आरसीसी पुलिया एवं रपटा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सीईओ ने ग्रामीणों और हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की जानकारी ली।

युवा यादव महासभा प्रतिभावान बच्चों को करेगी सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। युवा यादव महासभा, जबलपुर द्वारा 19 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए शहर अध्यक्ष शशांक यादव ने बताया की समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित समारोह में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का सामाजिक मंच से सम्मान किया जाएगा।

उन्होंने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह अमखेरा पानी की टंकी के पास मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की इससे पूर्व सुबह 10 से 12 बजे तक कृषि महाविद्यालय परिसर में युवा यादव महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित होगी। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे।

सेडमैप से हुई भर्ती पर उठने लगे सवाल

आरटीआई में जानकारी नहीं मिलने से बढ़ा विवाद

अनूपपुर, नवभारत 18 जुलाई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय में सेडमैप के माध्यम से हुई आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, चयन प्रक्रिया और सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में अब आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू से जांच कराने की मांग भी उठने लगी है।

विज्ञापन जारी नहीं किया गया

हालांकि इन आरोपों की अभी तक किसी सक्षम एजेंसी द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि भर्ती प्रक्रिया के लिए व्यापक स्तर पर कोई सार्वजनिक सूचना या विज्ञापन जारी नहीं किया गया। स्थानीय युवाओं का कहना है कि उन्हें भर्ती की जानकारी समय रहते नहीं मिल सकी, जिससे योग्य अभ्यर्थी आवेदन करने से वंचित रह गए।

कुल 47 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई

सूत्रों के अनुसार जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में सेडमैप के माध्यम से कुल 47 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई, जिनमें से 13 पदों पर नियुक्तियां शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में हुईं। आरोप है कि चयन प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई।

बिजली लाइन से तार चोरी का खुलासा

चार आरोपी और खरीदार गिरफ्तार, 337 किलो एल्यूमीनियम तार बरामद

अनूपपुर, नवभारत 18 जुलाई। जैतहरी पुलिस ने 11 केवी विद्युत लाइन से एल्यूमीनियम तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों और चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 337.2 किलोग्राम एल्यूमीनियम तार जब्त किया है। मामले में एक मुख्य सरगना की तलाश अभी जारी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में रामजी राठौर उम्र 19, शुभम उर्फ शिवम राठौर उम्र 21, मनोज राठौर उर्फ नानदाउ उम्र 22 और वीरेंद्र सिंह उम्र 25 वर्ष शामिल हैं। सभी आरोपी जैतहरी थाना क्षेत्र के कुदराटोला क्योंटार गांव के निवासी हैं। इनके पास से 35 किलोग्राम तार बरामद किया गया।

चंदपुर फीडर की बिजली लाइन को निशाना बनाया था

शिकायत के अनुसार 13-14 जुलाई की रात चोरों ने 33/11 केवी उपकेंद्र के चंदपुर फीडर से जुड़ी बिजली लाइन को निशाना बनाया। ग्राम टकहुली में कृषि ट्रांसफार्मर को जाने वाली 11 केवी लाइन के 7 स्पान (करीब 1.68 किलोमीटर) तार को काटकर चोरी कर ले गए थे। उसी रात महुदा छकड़िया टोला की लाइन से भी 7 स्पान (1.68 किलोमीटर) तार चोरी की थी।

विद्युत कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने जांच की

आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले अरविंद गुप्ता उम्र 29 निवासी मौहार टोला फुनगा को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 302 किलोग्राम एल्यूमीनियम तार जब्त हुआ। जैतहरी थाना प्रभारी गोकुलानंद पांडे ने बताया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की थी।

नर्मदा ट्रस्ट के आभूषणों का किया गया भौतिक सत्यापन

एसडीएम की अध्यक्षता में गठित जांच दल ने सूचीवार मिलान कर की जांच

अनूपपुर, नवभारत 18 जुलाई। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में अमरकंटक स्थित श्री नर्मदा उद्गम ट्रस्ट के सोने-चांदी के आभूषणों का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच दल ने सूची के अनुसार सभी आभूषणों का मिलान किया, जिसमें सभी गहने सुरक्षित, पूर्ण एवं यथावत पाए गए।

पूरी प्रक्रिया निर्धारित शासकीय मानकों और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। अमरकंटक स्थित श्री नर्मदा उद्गम ट्रस्ट के सोने-चांदी के आभूषणों का शुक्रवार को प्रशासन की निगरानी में भौतिक सत्यापन कराया गया। कलेक्टर के निर्देश पर यह कार्रवाई पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अभिलेखों के अनुरूप आभूषणों की स्थिति की पुष्टि करने के उद्देश्य से की गई।

गहने यथावत पाए गए

भौतिक सत्यापन के लिए एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया। दल ने अमरकंटक थाना परिसर में सुरक्षित रखे गए ट्रस्ट के सोने-चांदी के आभूषणों का सूचीवार मिलान करते हुए विस्तृत निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रत्येक आभूषण का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया गया। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि उपलब्ध सूची के अनुरूप सभी सोने-चांदी के आभूषण सुरक्षित, पूर्ण एवं यथावत पाए गए।

पीएम श्री विद्यालय में साईकिल वितरण एवं सम्मान समारोह

नवभारत, जबलपुर। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला में निःशुल्क साइकिल वितरण, वार्षिक पत्रिका 'उदिता' का विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि पनागर विधायक सुशील तिवारी ने छात्राओं को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय विकास के लिए कई घोषणाएँ कीं, जिसमें पात्र प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रतिवर्ष 5,000 रुपये प्रोत्साहन राशि देना शामिल है ।

हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

नवभारत, जबलपुर। कटंगी स्थित प्रज्ञा धाम में 21 जुलाई को दक्षिण मुखी नीमबाले हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा और गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार नई दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश गुप्ता विभाग संघचालक होंगे। समारोह की संयोजक प्रज्ञा पीठाधीश्वर मां साध्वी विभानंद गिरी ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी के नेत्र दर्शन होंगे, जिसके बाद सवामन लड्डू का भोग, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। संपूर्ण समारोह जगद्गुरु रामरंगी द्वाराचार डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज, श्रीमहंत कौशिक चेतन्य महाराज और महंत डॉ. साध्वी प्रज्ञा भारती महाराज के मंगल सानिध्य में होगा। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सुनील भागचंदानी, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मुन्ना पांडेय, प्रज्ञाधाम के ट्रस्टी देवेश्वर गिरी एवं राजेश पाठक प्रवीण ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

लापरवाही | कुशियारा में नौनिहालों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, स्वच्छ पेयजल के दावे की खुली पोल

आंगनबाड़ी में दूषित पानी पीने मजबूर मासूम

कोतमा, नवभारत 18 जुलाई। सरकार द्वारा हर घर जल और स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन अनूपपुर जिले के कोतमा जनपद अंतर्गत ग्राम कुशियारा का शासकीय प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र इन दावों की जमीनी हकीकत बयां कर रहे हैं। यहां अध्ययनरत मासूम बच्चे दूषित पानी पीने और उसी पानी से तैयार मध्यान्ह भोजन खाने को मजबूर हैं। विद्यालय परिसर और आंगनवाड़ी केंद्र के बीच स्थित हैंडपंप ही पानी का मुख्य स्रोत है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस हैंडपंप से निकलने वाला पानी गंदा और दूषित है, जो पीने योग्य नहीं है। इसके बावजूद मजबूरी में इसी पानी का उपयोग बच्चों के पीने, भोजन बनाने और अन्य दैनिक कार्यों में किया जा रहा है।

स्वास्थ्य पर मंडरा रहा गंभीर खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूषित पानी के लगातार सेवन से बच्चों में डायरिया, उल्टी, पेट दर्द, टाइफाइड, पीलिया तथा अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा इसी पानी से भोजन पकाने और हाथ-मुंह धोने के कारण त्वचा संक्रमण एवं आंखों से जुड़ी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

एक ओर सरकार बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय और आंगनबाड़ी जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव कई सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

तीन किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है साफ पानी

यदि स्वच्छ पानी की आवश्यकता होती है, तो विद्यालय और आंगनवाड़ी के कर्मचारियों को लगभग तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। प्रतिदिन इतनी दूरी से पानी लाना संभव नहीं होने के कारण कई बार मिड-डे मील भी दूषित पानी से तैयार करना पड़ता है।